प्रसारण तिथि : 16.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के दूसरे चरण के लाभार्थियों को मिली अनुदान राशि की पहली किस्त : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– सरकार हर गरीब के साथ।
2. 19 मार्च को अयोध्या में श्रीराम यंत्र का पूजन करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू : 20 और 21 मार्च को वृंदावन में दर्शन–पूजन।
3. एलपीजी गैस लेकर भारत पहुंचा जहाज शिवालक : सिलेंडर की किल्लत से जल्द राहत मिलने की उम्मीद।

और

4. वर्ष 2025 के साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा : वरिष्ठ लेखिका ममता कालिया का संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद पुरस्कृत'।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्य़नाथ ने आज लखनऊ में प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के दूसरे चरण के अंतर्गत 90 हज़ार लाभार्थियों के बैंक खातों में अनुदान राशि की पहली किस्त भेजी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों और वंचितों के

हितों को ध्यान में रखकर विभिन्न योजनाओं को चला रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया है और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया है। बाइट.....

*जब डबल इंजन की सरकार उत्तर प्रदेश में आई तो पच्चीस करोड़ की आबादी ही हम सब का अपना परिवार है और उसको योजना का लाभ मिलना चाहिए यह सरकार की प्राथमिकता है और उसकी संवेदना इसलिए हर गरीब के साथ, हर गांव के साथ, हर युवा के साथ, हर महिला के साथ, हर अन्नदाता किसान के साथ, हर श्रमिक के साथ में है। आज की इस योजना में नब्बे हजार जो लाभार्थियों को एक एक आवास की पहली किस्त एक लाख की उपलब्ध करवाई जा रही है।*

———————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को राम नगरी अयोध्या में नव वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर श्रीराम यंत्र का विधि विधान से पूजन करेंगी। इससे पहल 18 मार्च को श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में श्री राम यंत्र की विधिवत स्थापना की जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए अयोध्या में तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

*आगामी गुरुवार को राम मंदिर से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान होने जा रहा है। मंदिर परिसर में बुधवार को श्री राम यंत्र की विधिवत स्थापना की जाएगी। जिसके बाद 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस यंत्र का पूजन करेंगी। यह श्री राम यंत्र करीब दो वर्ष पूर्व कांची कामकोटि पीठ के जगद्‌गुरु शंकराचार्य ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेंट किया था, जिसकी अब तक मंदिर परिसर में पूजा की जा रही थी। वहीं अब इसे राम मंदिर के द्वितीय तल के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। वैदिक मान्यता के अनुसार किसी भी मंदिर में यंत्र की स्थापना से उस स्थान*

*की आध्यात्मिक ऊर्जा और अधिक सशक्त मानी जाती है। इस अवसर पर अयोध्या में विशेष वैदिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे जिसमें देशभर से संत–महात्मा भी शामिल होंगे। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

अपने तीन दिवसीय दौरे में अयोध्या के बाद राष्ट्रपति शाम को वृंदावन पहुंचकर दर्शन पूजन करेंगी। 20 मार्च को श्रीमती मुर्मू रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में नए ऑकॉलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन करेंगी। वहीं 21 मार्च को दानघाटी मंदिर दर्शन करने के बाद गोवर्धन परिक्रमा भी करेंगी।

————————

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक नई सुविधा शुरू की गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा संचालित सीता की रसोई में अब भोजन प्रसाद के साथ गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं को ओआरएस का पैकेट भी दिया जा रहा है, ताकि दर्शन करने आने वाले भक्तों को गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके। सीता रसोई के व्यवस्थापक धनंजय पाठक ने बताया कि ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं की सेहत को प्राथमिकता देते हुए यह व्यवस्था शुरू की है, जिससे लंबी यात्रा और भीड़ के बीच आने वाले भक्तों को राहत मिल सके।

————————

एलपीजी वाहक जहाज शिवालिक आज शाम भारत पहुंच गया है। पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर

**नई दिल्ली में आयोजित अंतर–मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पत्तन, पोत और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा न बताया कि भारतीय मालवाहक जहाज– नंदादेवी कल भारत पहुंचेगा। इस दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में कच्चे तेल की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है और सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार ने एलपीजी और पीएनजी दोनों कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं से अपने एलपीजी कनक्शन को सरेंडर करने और पैनिक बुकिंग ना करने की सलाह दी है। बाइट.....**

भारत सरकार ने 14 तारीख को एक order issue किया है और उसके द्वारा जिन लोगों के पास PNG और LPG connection दोनों है से request की गई है। अगर आपके पास दोनों connections हैं तो कृपया अपना LPG connection को surrender कर दें। Online booking करें, cylinder की delivery घर पर होगी , door delivery होगी इसलिए distributors के पास जाने की आवश्यकता नहीं है। जहां जहां पर alternate source of energy available है PNG वगैरह वहां पर उस पर shift होए और वहां से बचे और panic booking से भी बचे।

———————————

**राज्य में उपभोक्ताओं को समय पर घरेलू गैस उपलब्ध कराने के लिए अधिकारी लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा ले रहे हैं। इसी क्रम में महोबा के एसडीएम और**

जिला पूर्ति अधिकारी ने महोबा गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्टॉक का मिलान कर एजेंसी संचालक को होम डिलीवरी व्यवस्था का और अधिक बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने गोदाम में पहुँचकर इंडेन गैस सिलेंडरों के मौजूदा स्टॉक का मिलान किया और रजिस्टरों की जांच की। एसडीएम शिव ध्यान पांडेय ने बताया कि जांच का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भो उपभोक्ता को गैस के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। बाइट.....

*शहरवासियों को गैस समय से उपलब्ध हो और जो हमारे गैस एजेंसी वाले लोग हैं होम डिलीवरी करें। इन्हीं सब चीजों को लेकर के हम लोग भ्रमणशील हैं। इसी कड़ी में हम लोग महोबा गैस एजेंसी पर भी आए हुए हैं।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

**साहित्य के क्षेत्र में वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। 24 भारतीय भाषाओं के लिए कविता– संग्रह, उपन्यास, कहानी, संस्मरण और आत्मकथा जैसी विभिन्न विधाओं को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। हिंदी भाषा की वरिष्ठ लेखिका ममता कालिया को उनके बहुचर्चित संस्मरण जीते जी इलाहाबाद के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। अकादमी के अनुसार पुरस्कार के लिए चयनित साहित्यकारों को एक लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। यह पुरस्कार समारोह 31 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।**

———————————

**विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत वाराणसी में भी अब ई–केवाईसी प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। योजना के उपायुक्त देवेंद्र ओझा ने बताया कि 70 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों का इ–केवाईसी सत्यापन पूरा कर लिया गया है। इस प्रक्रिया के तहत लाभार्थियों का बायोमेट्रिक माध्यम से प्रमाणीकरण किया जाता है, जिससे एक ही व्यक्ति का दो अलग–अलग जगहों पर नाम दर्ज कर गलत तरीके से भुगतान न हो सके। बाइट......**

KYC भारत सरकार के NMS app पर एक version है, जिनमें मनरेगा job card holder के जो श्रमिक हैं , उनकी e-KYC कराई जा रही है , जिससे उनके Aadhaar card के link mobile number पर OTP जाता है और उनकी face reading ले

जाती है। जब कभी उनके job card से जब मसोरो इश्यू होता है तो साइट पर उनकी हाजिरी जो है उसी NMS एप के माध्यम से होनी है। इससे लाभ यह है कि अगर इस प्रकार से लीकेज अगर कहीं था वो तो नहीं होगा जो है इसलिए कि आपकी हाजिरी में कोई ओवरलेपिंग नहीं होगी।

———————————

**पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न जनपदों में हुई हल्की बारिश से मौसम सुहावना बना रहा। इस दौरान आगरा मंडल में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान नजीबाबाद में 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अगले 3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की अचानक वृद्धि और उसके बाद 5–7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना जताई है। वहीं न्यूनतम तापमान में मामूली बढोत्तरी के बाद 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने का अनुमान है।**

———————————

**मुरादाबाद के मुंढापांडे थाना क्षेत्र में आज सुबह दिल्ली–लखनऊ राजमार्ग पर सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब रामपुर से दिल्ली जा रही एक**

कार अनियंत्रित होकर ईंटों से लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली में टकरा गई। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां चार युवकों को मृत घोषित कर दिया गया।

(समाप्त)